तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



3 दुर्गा अष्टमी पर देवी मंदिरों में हुए हवन अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन




## खबर संक्षेप

### सात वर्षों से जरूरतमंदों को सेवा दे रही सेवा भारती

**कोरबा।** नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय के साथ वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने वाली स्वयंसेवी संस्था सेवा भारती कोरबा को सात वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। सामाजिक, स्वास्थ, समरसता एवं स्वावलंबन विषयों पर संस्था कार्य कर रही है। प्रेस क्लब से होकर महाराणा प्रताप चौक को जाने वाली सड़क पर कुआंभट्ठा में स्थित विवेकानंद सेवासदन केन्द्र से सेवाभारती के विभिन्न प्रकल्प संचालित हो रहे हैं। सेवाभारती कोरबा का गठन आज से 7 वर्ष पुर्व रामनवमी के अवसर पर वर्ष 2018 में हुआ था। इसी भाव से विगत छह वर्षों से सेवाभारती कोरबा समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास कर रही है। मातृछाया मासूम, नवजात अनाथ अथवा परित्यक्त बच्चों को एक नया जीवन देने के लिए। मोक्षरथ स्वर्गवास होने पर दिवंगत को ससम्मान मुक्तिधाम ले जाने हेतु, संबल इस प्रकल्प के माध्यम से जरूरतमंद मरीज को कुछ समय के लिए आवाश्यकता पड़ने वाली मेडिकल उपकरण जैसे व्हीलचेयर, फोल्डिंग बेड, वाटर बेड, आक्सीजन कसंट्रेटर, वाकर आदि का निःशुल्क देकर उनके दुख मे सहभागी बनने के भाव से उन्हें संबल प्रदान कर रही है।

### आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन जर्जर, हादसे का बना हुआ है खतरा

**चैतमा।** स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के सरकार के दावे की चैतमा आयुर्वेदिक अस्पताल पोल खोल रहा है। जिसका भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चला है। स्थिति यह है कि कभी भी किसी भी तरह का हादसा होने पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत चैतमा के आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन जर्जर होने के कारण चिकित्सक व मरीजों को हमेशा अनहोनी का भय बना रहता है। इसके बाद भी निर्माण को लेकर किसी स्तर से नहीं ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब चार दशक पहले ग्राम पंचायत में स्थापित कराए गए। आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन की दशा अत्यंत जर्जर हो चुका है। दीवार में कई जगह दरारें आ गई हैं, जो बारिश में छत से पानी टपकता है,जबकि इस अस्पताल में आस-पास के करीब तीस गांवों के लोग उपचार के लिए आते हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल में जहाँ भले ही रोजाना मरीजों का उपचार होता हो, लेकिन यह अस्पताल खुद पूरी तरह से बीमार है। अस्पताल का भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण अस्पताल के स्टाफ को किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। आयुर्वेद अस्पताल में पहले की अपेक्षा अब मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। वहीं दूसरी तरफ आयुर्वेद अस्पताल की स्थिति दयनीय है।

### मतदान जागरूकता हेतु नारा लेखन एवं कविता प्रतियोगिता हुई आयोजित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दर्री में मतदाता जागरूकता हेतु नारा एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जनपद पंचायत कटघोरा के शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान जागरूकता और लोकसभा निर्वाचन 2024 विषय पर चित्रकला एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई।

# शाखा डाकघर होने लगे हाईटेक, डाकपालों को मिला टैबलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों की डाक व्यवस्था का संचालन करने के साथ डाक व्यवस्था के रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले डाकपालों को अब आधुनिक संसाधनों से युक्त किया जा रहा है, इसके लिए उन्हें टैबलेट की सुविधा प्रदान की गई है। इसके पूर्व डाकपालों को इसका प्रशिक्षण पूर्व में दिया जा चुका है। अब डाक से संबंधित कार्य ग्रामीण अंचलों में भी पेपरलेस होते जा रहे हैं।

ग्रामीण डाक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारतीय डाक विभाग अपने स्तर पर कार्य करता रहा है। तरह-तरह की योजनाएं बनाकर विभाग को अपडेट किया जा रहा है ताकि बदलते दौर में भारतीय डाक व्यवस्था निजी क्षेत्रों के डाक व्यवस्था से किसी भी दृष्टि से कम न रहे इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों के डाक व्यवस्था को आधुनिक व्यवस्था के दायरे में शामिल करते हुए डाकपालों को टैबलेट चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें टैबलेट भी प्रदान किए गए हैं। अब डाक विभाग से संबंधित सभी कार्य डाकपालों के द्वारा ऑनलाईन किया जा रहा है। पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों की बचत एवं निवेश से संबंधित जो भी योजनाएं मेनुअल तरीके से चलती थी अब उसे ऑनलाईन कर दिया गया है। ई-मेल से लेकर अन्य कोई भी कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है। जिले के 150 शाखा डाकपाल पदस्थ हैं, जिन्हें टैबलेट दिए गए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों के डाक व्यवस्था के आधार हैं डाकपाल

### खास बातें

- पुराने भवन की जगह नये भवन की भी योजना
- निवेश की योजनाओं का भी हो रहा प्रचार प्रसार




### एटीएम, पैनकार्ड बांटने में सुविधा

ग्रामीण अंचलों के युवाओं द्वारा एटीएम एवं पैनकार्ड बनाने के लिए आवेदन दिए जाते हैं। जिसका वितरण शाखा डाकपाल के द्वारा किया जाता है। पूर्व में वितरण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के डाकपालों के समक्ष समस्या रहती थी। अब इस तरह की समस्या का सामना न तो डाकपालों को करना पड़ रहा है और ना ही एटीएम, पैनकार्ड बनवाने वाले युवाओं को। जब भी डाकपाल के पास संबंधित व्यक्ति के दस्तावेज पहुंचते हैं वह उनके मोबाइल में अब सीधे व्हाट्सएप में मैसेज कर जानकारी दे देते हैं। संबंधित व्यक्ति स्वयं डाकपाल से संपर्क कर अपने दस्तावेज प्राप्त कर लेते हैं। इनके अलावा आरडी एवं एफडी जैसे कार्य भी डाकपालों के द्वारा ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। यह भी एक सुविधा ग्रामीणों को उनके गांव में ही घर बैठे मिल जा रही है।

## आमसभा में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेसियों ने बीजेपी पर बोला हल्ला

# ज्योत्सना महंत के नामांकन में भूपेश समेत पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता





पर्चा दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत साथ में डॉ चरण दास महंत व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं घंटाघर जनसभा में उपस्थित कांग्रेस के नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना महंत ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहे। ज्योत्सना महंत के नामांकन अवसर पर घंटाघर में आमसभा आयोजित की गई जिसमें कोरबा के अलावा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, भरतपुर सोनहत, मनेन्द्रगढ़ व बैकुंठपुर-कोरिया विधानसभा से कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए।

निहारिका स्थित घंटाघटर में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। श्री बघेल ने चुटकी लेते हुए कहा कि दुर्ग में सरोज पाण्डेय की दाल नहीं गली तो वे कोरबा आ गई हैं। मात्र 4 माह की विष्णुदेव सरकार में बिजली सांय-सांय कट रही है। गरीबों का चावल, आदिवासियों का चना, गुड़, शक्कर, नमक सांय-सांय बंद हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले ठगने का काम करते हैं, पहले रमन सिंह ने ठगा और अब साय की सरकार। उन्होंने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विष्णुदेव को भोग लगाए बिना राइस मिलरों का डीओ नहीं कटता। चावल वाले भोग लगा रहे और दारू वाले तर्पणी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि न्याय पत्र की गारंटी कांग्रेसियों को घर-घर पहुंचाना है। विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि बीजेपी वाले यादव समाज का विरोध करते हैं, गुण्डा कह रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मात्र एक टिकट बीजेपी ने दिया जबकि कांग्रेस ने तीन लोगों को टिकट दी। लोकसभा में पूरे छत्तीसगढ़ से एक भी यादव समाज को टिकट नहीं दी गई जबकि कांग्रेस ने 2 प्रत्याशी यादव समाज के दिए हैं। कांग्रेस सभी जाति, धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है और इसे मजबूत करना है। डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, अर्चना पोर्ते ने भी सभा को संबोधित किया।

### पूरे कांग्रेस की गारंटी लेकर सरकार बनाने जनता के बीच आये

नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के मात्र 2 सांसद भाजपा के 9 सांसदों पर भारी थे। पूरे 5 साल छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए हम अधिकारों के लिए लगातार लड़ते रहे। वे पूछते हैं कि 5 साल तक मैंने क्या कि तो वे जनता को बताएं कि 10 साल तक उन्होंने क्या किया। डबल इंजन की सरकार और भाजपा के 10 सांसद भी मिलकर ट्रेन नहीं चला पा रहे हैं, विकास तो दूर की बात। दरअसल उनके पास कांग्रेस-गांधी परिवार को बुरा कहने व नीचा दिखाने का एकमात्र मुद्दा है। वे सिर्फ मोदी की गारंटी लेते हैं लेकिन हम पूरे कांग्रेस की गारंटी लेकर देश में सरकार बनाने के लिए जनता के बीच आए हैं।

### थप्पड़ मारने वाली व जनता की बात करने वाली आमने सामने

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संसद में कांग्रेस के 2 विधायकों ने 5 साल तक भाजपा के सांसदों व मोदी की नाक में दम कर रखा था और मुखरता से कोरबा लोकसभा की आवाज ज्योत्सना महंत उठाती रही। उन्होंने कहा कि जिन्हें दुर्ग की जनता ने नकार दिया, मतदाताओं ने नहीं अपनाया, उनको कोरबा में भेज दिया गया। दुर्ग लोकसभा में इनका थप्पड़ कांड भले लोग भूल गए हों लेकिन साहू समाज के एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने पर दुर्ग की जनता ने इन्हें कुर्सी से ही हटा दिया था। एक तरफ थप्पड़ मारने वाली तो दूसरी तरफ जनता की बात करने वाली आपके सामने है। श्री बैज ने कहा कि भाजपा 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी और छत्तीसगढ़ में हम भाजपा से अधिक सीटें जीतेंगे।



पर्चा दाखिल करती भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय।

## सरोज ने जमा किया नामांकन, कहा जनता व माता का मिलेगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि नवरात्रि शक्ति और भक्ति का पर्व है जिसे हम सब बड़े ही आस्था के साथ मनाते हैं। आज महाअष्टमी का पर्व है इस मौके पर अपना नामांकन दाखिल की हूं। माता और जनता का आशीर्वाद मिलेगा, विकास और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर समर्थन मांगा जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में यहां विकास शून्य और भ्रष्टाचार असीम बना रहा है। 18 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में वरिष्ठ नेताओं के साथ पुनः नामांकन दाखिल किया जाएगा। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के नामांकन दाखिले के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, आरिफ खान समेत भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बसपा सहित निर्दलीय प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन



**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए आज 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। जिसके अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी दूजराम बौद्ध, भारतीय जनता पार्टी से सुश्री सरोज पाण्डेय, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री महेन्द्र कुमार श्रीवास शामिल हैं। अब तक कुल 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया है। नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में आज कुल 4 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र क्रय किया। जिसमें केवल भारती गोस्वामी निर्दलीय, प्रतापसिंह भानू निर्दलीय, पालन सिंह उरांव निर्दलीय एवं जयचंद्र सोनपाकर निर्दलीय ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है।

## 39 लोगों से 16 लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको कंपनी के चोटिया खदान में काम से बिठाए गए लोगों को पुनः नौकरी दिलाने का झांसा देकर पिता पुत्र ने मिलकर 39 लोगों के साथ ठगी करते हुए लगभग 16 लाख रुपये की वसूली की थी। इस मामले में पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र की है। चोटिया कोयला खदान में कार्य करने वाले 39 कर्मियों को बालको कंपनी द्वारा छटनी कर वीआरएस भरवा कर 31 अक्टूबर 2020 को नौकरी से हटा दिया गया। सभी 39 कर्मी इस वीआरएस को वापस कर नौकरी करना चाहते थे, इसी कड़ी में रोशन बघेल ग्राम गुरसिया पोंड़ी उपरोड़ा निवासी से मिले जो अपनी पहुंच मंत्रालय तथा बालको के उच्च अधिकारियों तक होना बताया एवं फिर से बालको में नौकरी 6 माह के अंदर में लगवाने का वादा किया गया और उनसे रोशन बघेल ने किश्तों में 16 लाख 40 हजार रुपए की उगाही कर ली लेकिन रोशन बघेल के द्वारा ना तो उनकी नौकरी लगवाई गई और ना ही उनकी रकम वापस की गई।



आरोपी

प्रार्थीगणों की शिकायत पर पुलिस ने रोशन बघेल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## देशी कट्टा बेचने के लिए कर रहा था ग्राहक की तलाश, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक देशी कट्टा लेकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहा था। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा बरामद किया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति राताखर देशी शराब भट्टी के पास अवैध रूप से देसी कट्टा लेकर बेचने के फिराक से घूम रहा है। सूचना पाते ही पुलिस की टीम देशी शराब भट्टी राताखार चौक के पास घेराबंदी कर एक युवक को धरदबोचा। पकड़ा गया युवक पुरानी बस्ती निवासी विशाल साहू उम्र 28 वर्ष पिता ईश्वर प्रसाद साहू था। युवक को हिरासत में लेकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से देशी कट्टा जप्त किया गया। पुलिस ने विशाल साहू से देशी कट्टा रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने बोले जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## भाजपा के लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र पर उद्योग मंत्री ने ली पत्रकार वार्ता

# आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए है यह चुनाव: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में हो रहे लोकसभा चुनाव आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए है। भाजपा ने देश और जनहित के लिए अनेक योजना तैयार कर लागू की है, जिसका बेहतर परिणाम जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते 10 वर्ष के कार्यकाल में देखा है। गरीब से गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। विश्व के मानचित्र में देश को शक्तिशाली बनाने का कार्य किया गया है।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा के घोषणा पत्र संकल्प के संबंध में जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि 76 पेज का ये घोषणा पत्र भारत का इतिहास बनेगा। पिछले 10 सालों में जो संकल्प थे वो हमारी सरकार ने पूरा किया है। हमारे संकल्प पत्र से 24 करोड़ लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए है। हमने सबको आयुष्मान योजना का सुविधा दिया। इससे लोगों को 5 लाख की मुफ्त इलाज में बहुत बड़ी राहत मिली। हमने घर-घर बिजली पहुंचाया, पानी पहुंचाया अब हमारी सरकार पाइप से घर-घर गैस पहुंचाने जा रही है। इसका लाभ भी कोरबा की जनता को मिलेगा। इसके साथ ही देश के प्रमुख शहरों में पीएम ई-बस योजना की शुरूआत की गई है, इसका लाभ भी कोरबा की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार घर-घर सोलर पैनल लगाने जा रही है। इसके अलावा 12 करोड़ किसानों को पीएम किसान निधि योजना का लाभ दिया गया है। इस तरह की अन्य योजनाएं आगे भी बिना भेदभाव के चलाए जाएंगी। वर्तमान लोकसभा चुनाव को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने आजादी के अमृत काल का प्रथम चुनाव बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत को लेकर यह चुनाव हो रहा है। यह संकल्प पत्र हर प्रकार की सुरक्षा की गारंटी देता है। संकल्प पत्र नए और श्रेष्ट भारत का ब्लू प्रिंट है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव लाफचंद बाफना, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अशोक चावलानी, गोपाल मोदी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




पत्रकारवार्ता में उपस्थित उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन व अन्य।

### बघेल देश के सबसे भ्रष्ट सीएम

पत्रकारवार्ता में उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री देवांगन ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर करारा प्रहार किया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता भूपेश बघेल द्वारा लगाए गए आरोप संबंधित सवाल पर श्री बघेल को देश के अब तक के सबसे भ्रष्ट सीएम बताते हुए कहा कि बघेल घोटालेबाजों के सरताज थे। एक सवाल के जवाब में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कांग्रेस की हार की वजह से मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। कांग्रेस के नेता क्या कह रहे है, क्या बोल रहे हैं ये उनको भी नही पता होता।

### शव छिपाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



आरोपी

**कोरबा।** जंगली सुअर मारने के लिए लगाए गए तार के संपर्क में आने पर करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत 2023 दिसंबर में हुई थी। घटना के बाद उसके साथियों ने उसके शव को पहाड़ के ऊपर ले जाकर छुपा दिया था और मृतक के परिजन को बताया कि किशोर कहीं लापता हो गया है। पुलिस ने जांच की तो मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। जिसमें से एक आरोपी दशरथ यादव पिता अमरसाय यादव उम्र 32 वर्ष कुटेशर नगोई निवासी घटना के बाद से फरार हो गया था। कटघोरा पुलिस ने फरार आरोपी दशरथ यादव को मुखबीर की सूचना पर कोरबा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक महिला पर जानलेवा हमला

**अंबिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर टांगी से हमला करने व मां से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मलगवा निवासी रोहित यादव 26 मार्च को सामान लेने के लिए दुकान की ओर गया था। युवक जब घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में भंजन यादव ने उसे रोक लिया और भाई को जेल भेजने और होली की ख़ुशी मानाने को लेकर रंजिशवश गाली गलौज करते हुए टांगी से हमला कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर जब युवक की मां बीच बचाव करने पहुंची तो भोला यादव ने उसे पकड़ लिया और बासो यादव ने उसके साथ भी मारपीट की। इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा 294, 506, 323, 307, 34 के तहत मारपीट व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच उपरान्त मलगवा निवासी 27 वर्षीय भंजन यादव, 33 वर्षीय भोला यादव व 50 वर्षीय बासो बाई को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी, डंडा बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, महिला आरक्षक शांति लकड़ा, आरक्षक उपेंद्र सिंह रमन मण्डल शामिल रहे।

### घर से निकला किशोर नहीं लौटा वापस

**अम्बिकापुर।** परिजन को बिना बताए घर से निकला किशोर वापस नहीं लौटा। परिजन ने अज्ञात लोगों द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालमाटी पटेलपारा निवासी 14 वर्षीय किशोर कक्षा 9वीं में पढ़ाई करता है। गत दिन परिजन को बिना बताए ही घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। किशोर के रात में भी घर नही आने पर परिजन ने गांव सहित रिश्तेदार के यहां किशोर की खोजबीन की परंतु कहीं पता नहीं चला। परिजन ने अज्ञात लोगों द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** शंकरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से नशीली दवाओं को लेकर शंकरगढ़ की ओर जा रहे है। सूचना पर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर निमेश बरैइया व एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चिरई घाट मुख्य मार्ग पर बाइक क्रमांक जेएच 03 एफ 2441 के संदेहियों को रोककर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 197 नग नशीली कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी कीमत 26 हजार 693 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में शंकरगढ़ थाना अंतर्गत चलगली निवासी 38 वर्षीय परवेज आलम आ. कमरुद्दीन अंसारी व 28 वर्षीय शोभनाथ पैकरा आ. कुलमा राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने ग्राम शाहपुर चांदो निवासी 35 वर्षीय गुड्डु खान आ. युसुफ खान उम्र 35 साल से खरीदी करने की बात कबूल की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी गुड्डू खान के घर दबिश देकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 75 नग अवैध नशीली कफ सिरप, 84 नग नशीली इंजेक्शन और 84 नग एविल इंजेक्शन बरामद किया गया कीमती करीब 20 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, एसआई गजपति मिर्रे, रफैल तिर्की, रोशन लकडा आदि सक्रिय रहे।

### पत्नी से विवाद के बाद अलग रह रहे युवक का साले ने किया अपहरण

**अंबिकापुर।** पत्नी से विवाद के बाद अलग रह रहे युवक को साला जबरन अपहरण कर अपने साथ ससुराल ले गया। आरोपियों द्वारा युवक को ससुराल में कैद करके रखा गया था। इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने युवक को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाने के साथ ही आरोपी साला को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः प्रतापपुर खड़गवां निवासी कौशल गोस्वामी आ. कृष्ण प्रसाद गोस्वामी गांधीनगर में किराए के मकान में रहता था। युवक 15 मार्च को किराए के रूम से बिना बताए कहीं चला गया था ऐसे में पिता ने युवक के अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को बिहार के औरंगाबाद मदनपुर रवाना किया गया था। इस दौरान कौशल गोस्वामी को विश्वजीत कुमार गोस्वामी के कब्जे से बरामद किया गया। थाना प्रभारी अश्विनी सिंह के अनुसार जांच के दौरान जो बात सामने आई है उसके अनुसार युवक कौशल गोस्वामी का विवाह औरंगाबाद के मदनपुर में हुआ था लेकिन शादी के बाद पति पत्नी अलग रहने लगे थे। ऐसे में जबरन साला विश्वजीत गोस्वामी ने ससुर व अन्य व्यक्तियों की मदद से कौशल गोस्वामी को गांधीनगर स्थित कमरे से जबरन अपहरण कर स्कार्पियो में बैठाकर मदनपुर ले गए था और बंधक बनाकर रखा था।

---

### हसदेव, शिवनाथ की नहीं सुधर रही चाल, रात को आने वाली गाड़ी पहुंच रही आधी रात को

# ट्रेनों की लेट लतीफी से परेशान यात्री, लौट रहे सड़क सफर की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी और बार-बार रद्द होने जैसी समस्याओं से जूझने वाले यात्रियों का मोह अब रेल सफर से भंग होकर एक बार फिर सड़क सफर की ओर मुड़ते नजर आ रहा है। वैवाहिक कार्यक्रमों के दौर में यात्री ट्रेनों की रद्द होने और लेट से चलने की समस्या ने यात्रियों को परेशान कर दिया है। आलम यह है कि हसदेव और शिवनाथ की चाल सुधरने का नाम नहीं ले रही है।

औद्योगिक शहर से यात्रियों का अन्य प्रदेशों और जिलों की ओर आना जाना लगा रहता है। जिस तरह की रेल सुविधाएं इस शहर को मिलनी चाहिए थी वैसी आज तक नसीब नहीं हो सकी। नई गाड़ियां मिलनी दूर की बात जो चल रही हैं वह कभी भी निरस्त कर दी जाती हैं या फिर आने जाने का समय भी निर्धारित नहीं है। हसदेव और शिवनाथ को लेकर यात्री अब इस कदर परेशान हो गए हैं कि वे अब इन गाड़ियों से सफर करना ही उचित नहीं समझ रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर भी इस समय शुरू हो गया है। ऐसे में यात्री अब स्वयं की गाड़ी या किराए की गाड़ी से सफर कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप सड़क मार्ग में इस समय वाहनों का दबाव बढ़ गया है। लगातार हो रही घटनाओं का कारण यह भी माना जा रहा है।

वैवाहिक कार्यक्रमों के शुरू होते ही आम यात्री अब स्वयं की गाड़ी से ही सफर करना मुनासीब समझते हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी और बार-बार रद्द होने की समस्या ने उन्हें एक बार फिर सड़क से सफर करने की ओर मोड़ दिया है।

#### रात में कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं

औद्योगिक शहर में शासन-प्रशासन कोयले की रायल्टी से लेकर जमीन रजिस्ट्री एवं औद्योग संयंत्रों से मिलने वाले टैक्स से करोड़ों में आय अर्जित करता है। वहीं कोयला परिवहन में रेलवे को करोड़ों की आय होती है। केन्द्र और राज्य को इस जिले से होने वाली राजस्व आय प्रदेश में सबसे अधिक है, किंतु रेलवे स्टेशन में रात को आने वाली यात्री गाड़ियों से उतरने वाले यात्रियों के लिए कोई भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं रहती। यात्रियों को लेने के लिए उनके परिजन आधी रात तक रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं। स्थिति यह है कि दर्री और बालको जैसे उपनगरीय क्षेत्रों से लोग 10 से 15 किलोमीटर का सफर तय कर कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं परिजनों को लेने या फिर यात्रियों को अपने घर तक पहुंचने के लिए रात में रेलवे स्टेशन से चलने वाले ऑटो चालकों के मनमाफिक किराया देकर घर पहुंचता एक मजबूरी रहती है। करोड़ों के राजस्व अर्जित करने वाला जिला प्रशासन शहर के यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन से रात के समय कोई भी सस्ती पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा शुरू नहीं कर पा रहा है। यात्री ऑटो चालकों की मनमानी के साथ उनके दुर्व्यवहार का शिकार हो रहे हैं और स्थानीय जिला प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि मूक दर्शक बने हुए हैं।

#### ये हाल है यात्री ट्रेनों का

0 सुबह 7 बजे कोरबा से रायपुर की ओर जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस भले ही अपने नियत समय पर चले, लेकिन आते समय यह गाड़ी कोरबा पहुंचते समय 10.45 है, लेकिन पहुंचती है आधी रात को।

0 शिवनाथ एक्सप्रेस 14 और 15 अप्रैल को रद्द रही। इसके आने का समय सुबह 9 बजे है पहुंचती है दोपहर 1.30 बजे के बाद। यही स्थिति विशाखापट्टनम से कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस की है, जो प्रतिदिन 1.30 से 2 घंटे देरी से पहुंच रही है।

0 सुबह 8 बजे रायपुर जाने वाली मेमू पैसेंजर शहरवासियों के लिए सबसे सुविधाजनक यात्री गाड़ियों में से एक है। यह भी 14 और 15 अप्रैल को रद्द रही।

---

## केएन कॉलेज में रंगोली नारा लेखन प्रतियोगिता




जागरुकता रैली में उपस्थित छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी श्रीमती ज्योति दीवान के नेतृत्व में ईएलसी क्लब के सदस्य एवं सभी छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

कमला नेहरू महाविद्यालय में विगत दिवस आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी विनीता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रतीक यादव द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में सुभा महंत प्रथम स्थान, ममता बंजारे द्वितीय स्थान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विनीता पटेल प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कुमारी गीता ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बधाई दी एवं समस्त छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय गोपालपुर में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान हेतु शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संकल्प लिया गया तथा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड आदिवासी कन्या आश्रम तुमान की छात्रा बुलबुल ने महिलाओं को हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रजगामार में ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेकर रैली निकाली। ग्राम पंचायत ढेंगुरडीह में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा दीवारों पर नारा लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

---

## स्टेट टूर्नामेंट कराने वाली जिला इकाइयों को प्रदान की जाएगी आर्थिक मदद



बैठक में उपस्थित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान बैडमिंटन की विभिन्न प्रतियोगिताओं की आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार मंथन कर जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान बताया गया कि स्टेट टूर्नामेंट कराने वाली जिला इकाइयों को राज्य संघ की ओर से 96 हजार की मदद प्रदान की जाएगी।

इस राज्यस्तरीय वार्षिक आमसभा में कोरबा जिला बैडमिंटन संघ की ओर से संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शिरीन लाखे और सचिव गोपाल शर्मा ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग दीक्षित ने बताया कि बैठक में राज्य स्पर्धा के अलावा रायपुर में 17 से 20 जुलाई तक अखिल भारतीय अंतरसंस्थान बैडमिंटन स्पर्धा के आयोजन पर चर्चा की गई। इसके बाद रायपुर में ही 12 से 17 नवंबर तक सीएम ट्रॉफी इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया है। इस बार राज्य स्तरीय बैडमिंटन की तीन प्रतियोगिताएं रायपुर जिला संघ को दी गई हैं। सब जूनियर 15 व 17 वर्षीय बालक-बालिका वर्ग की स्पर्धा 19 से 23 अगस्त तक प्रस्तावित है। मिनी जूनियर 11 व 13 वर्षीय आयु वर्ग की राज्य स्पर्धा 15 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इसके अलावा जांजगीर-चांपा में 30 जून से 4 जुलाई तक सीनियर राज्य बैडमिंटन व महासमुंद में जूनियर 19 वर्षीय राज्य बैडमिंटन 26 से 30 सितंबर तक होगी। दंतेवाड़ा में द्वितीय राज्य सीनियर बैडमिंटन 19 से 23 नवंबर और रायगढ़ में वेटरन वर्ग की स्पर्धा अगले साल 10 से 15 फरवरी को आयोजित होगी।

---

## कोरबा व रविशंकर नगर जोन में चला मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम द्वारा कोरबा एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कर मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई तथा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आग्रह उपस्थित मतदाताओं से किया।

#### खास बात

- रैली निकालकर व मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



जागरुकता अभियान में मतदान की शपथ लेते कालोनीवासी।

मतदाता जागरूकता अभियान से लोग निरंतर जुड़ रहे हैं तथा मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर निगम के कोरबा एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, जोन कमिश्नर विनोद कुमार शांडिल्य एवं प्रकाश चन्द्रा, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता एचआर बघेल, पीयूष राजपूत, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, राजस्व निरीक्षक अविनाश जायसवाल, अश्वनी कुमार दास, अनिलराम, अभय मिंज, हरीश जांगडे, उत्तम राठौर, संगीता सिंह राजपूत, जवाहर लाल गोंड़, पवन सिंह कंवर, ओमप्रकाश श्रीवास, परमानंद राठौर, राजेश साहू, पुखराम महिलांगे, जागेश्वर यादव, प्रकाश वारसांगडे, गिरीश कुमार दुबे, महेत्तर सिंह राज, तीजबाई यादव, श्यामलाल यादव, संतोष सांडे सहित नागरिक उपस्थित थे।

---

## कैरियर पब्लिक स्कूल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैरियर पब्लिक स्कूल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शनिवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में कृष्णा पब्लिक स्कूल, भिलाई से शिक्षा अधिकारी आर.एस.पांडे और दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर से श्रीमती मनीषा फ्रांसिस उपस्थित थे।

कार्यशाला में जिले में स्थित अलग-अलग सीबीएसई स्कूलों के लगभग 60 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी के संबोधन से किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स का कार्यशाला में स्वागत किया और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति नवाचार से संबंधित एक अद्वितीय पहल है, यह 21वीं सदी की जरूरत के अनुरूप स्कूलों की शिक्षा को अधिक लचीला, समग्र और बहुविषयक बनाकर देश को एक जीवंत ज्ञान वाले समाज और वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में परिवर्तित करना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अब सभी स्कूलों में 3 साल के प्री प्राइमरी के बाद कक्षा शुरू होगी। इसके बाद कक्षा तीन से पांचवी के 3 साल शामिल किए गए हैं, इसके बाद 3 साल के मिडिल स्टेज में कक्षा 6 से 8 तक की कक्षा चलेगी, चौथा स्टेज कक्षा 9 से 12वीं तक 4 साल का होगा। स्कूलों में अब 10+2 की जगह 5+3+3+4 का पैटर्न लागू होगा। यह बातें नई राष्ट्रीय नीति के तहत शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर आर. एस.पांडे ने कहीं उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वर्ष 2030 तक छात्रों के नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत लाने का लक्ष्य रखा गया है।स्कूलों में शिक्षण के माध्यम के रूप में भाषा की जटिलता को दूर करने के लिए पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को मातृभाषा के रूप में स्थानीय बोलचाल की भाषा का इस्तेमाल किया जाने पर बोल दिया गया है।



कार्यशाला में उपस्थित स्कूल का स्टाफ।

---

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में मतदाता जागरूकता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ फरहाना अली के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मतदान के विभिन्न थीम पर रंगोली बनाकर लोगों को आकर्षित कर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय की स्वीप प्रभावी प्रभा साव ने विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित कर सुंदर रंगोली बनाने में सहयोग किया।

---

### सिंचाई कालोनी बरपाली में श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ में अष्टमी पर उमड़ी आस्था

# समस्त देवों की शक्तियां मां पराम्बा की इच्छा में निहितः आचार्य नूतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुगण एवं कथा का वाचन करते आचार्य।

संसार की समस्त शक्तियां यहां तक कि देवों की शक्तियां मां पराम्बा भगवती की इच्छाओं पर निहित है। यक्षलोक में यक्ष के सामने अपनी शक्ति से संसार की पल भर में काया पलटने का दावा करते दंभ भरते हुए पहुंचे अभिमानी अग्निदेव, वायु देव मां पराम्बा भगवती की इच्छा के विरुद्ध एक तिनका तक को जलाने ,उड़ाने में असहाय साबित हुए।

उक्त बातें तिलकेजा से पधारे कथाव्यास आचार्य आचार्य (पंडित )नूतन कुमार पाण्डेय ने सिंचाई कॉलोनी बरपाली स्थित मां मड़वारानी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में दीपका निवासी शिवम जायसवाल द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ के आठवें दिवस आयोजित कथा प्रसंग के दौरान कही। आचार्य श्री पांडेय ने उपस्थित श्रोताओं से व्यासजी जनमेजय कथा संवाद का बखान करते हुए कहा कि हमेशा हमें अपने गुरुवर के वचनों पर विश्वास करना चाहिए। जो गुरु के वचनों पर विश्वास नहीं रखते उनकी संसार से मुक्ति नहीं होती। जितना मंत्र आप जाप करेंगे उसमें से एक चौथाई फल गुरु को मिलता है । जब गुरु की कृपा होती है तो इस संसार से जीव भवसागर से अवश्य पार कर जाता है,उन्होंने उपस्थित श्रोताओं से कहा कि हमें अधिकतर भजन एकांत में एकाग्र चित्त से करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस घर में प्रतिदिन धूप दीप होती है वहां सरस्वती माँ लक्ष्मी का सदैव वास होता है। पुराण चढ़ाने से मनोवांक्षित कामनाओं की पूर्ति होती है। कथाव्यास श्री पाण्डेय ने कहा कि कुछ सिद्धियां अदृश्य होती हैं जैसे गायत्री मंत्र की सिद्धियां जिनके मंत्रोच्चार से संसार में इंसान की हर कामना की पूर्ति हो जाती है। जैसे दरिद्र ब्राम्हण का हुआ । उन्होंने गायत्री मंत्र जाप की महत्ता का बखान करते हुए कहा कि जो मनुष्य गायत्री कवच धारण करता है या गायत्री सहस्त्र नाम का जाप करता है वो भवसागर से पार कर जाता है। दीपका निवासी शिवम जायसवाल द्वारा अपने उत्तम स्वास्थ्य,शिक्षा निमित्त संकल्पित श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सिंचाई कालोनी बरपाली स्थित मां मड़वारानी मंदिर में आयोजन किया जा रहा है।

---

### महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**कोरबा।** आमजनों में मतदान के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम कसईपाली में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा गांव के सभी पारा, मोहल्ला, बसाहटों में जाकर ग्रामीणों को मताधिकार के उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से 7 मई को निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम के दर्री जोनांतर्गत भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों व आम मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### कंकालिन मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

दादरखुर्द के प्राचीन देव स्थल मां सिद्धिदात्री कंकालिन दरबार में नवरात्रि पर्व के अंतर्गत अष्टमी तिथि पर हवन यज्ञ किया गया। उक्त आयोजन नवरात्रि के प्रथम तिथि प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नवमी तिथि तक चलेगी। जिसमें मां के दरबार में यागिक आचार्य पंडित रवि शंकर मिश्र के द्वारा हवन अनुष्ठान कराया गया। इस दौरान आचार्य पंडित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी एवं सहयोगी के रूप में कृष्ण कुमार द्विवेदी, स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द व मां सिद्धिदात्री कंकालीन मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामगोविन्द द्विवेदी सहित समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहा।

### निःशुल्क उपचार शिविर का आयोजन 19 को

**कोरबा।** मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 में दिनांक 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक शिविर होगी आयोजित। आंख, नाक, कान, गला, दंतरोग, चर्मरोग, गुदरोग, शिशुरोग, स्त्रीरोग, वातरोग, श्वास रोग आदि सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार आयुर्वेद के सभी विभागों के अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) 2000 रुपए मूल्य की निशुल्क जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी। शिविर में मरीजों की रक्त शर्करा तथा हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क होगी, साथ ही आंखों की जांच निशुल्क कर चश्मे का नंबर का कार्ड बनाकर दिया जायेगा। यौन संक्रमित, यौन संचारित ,टी.बी.से सम्बंधित रोगों की भी जांच परामर्श एवं उपचार एड्स काउंसलर तथा उनकी टीम द्वारा किया जायेगा। शिविर मे निशुल्क औषधि देने, परामर्श एवं उपचार के साथ स्वास्थ्य पुस्तिका निशुल्क दी जायेगी।

## घरों और मंदिरों में कराया गया कन्या भोजन

# दुर्गा अष्टमी पर देवी मंदिरों में हुए हवन अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन





सर्वमंगला मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु और घरों में कन्या भोज कराते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि के दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को देवी मंदिरों के साथ घरों में दुर्गा अष्टमी के हवन और कन्या भोजन कराया गया। बुधवार को रामनवमीं के साथ चैत्र नवरात्र का समापन हो जाएगा। मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन किए गए, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

शहर के प्रमुख सर्वमंगला मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन अनुष्ठान का आयोजन सुबह 9 बजे से शुरू कर दिया गया था। जहां भक्तों की भीड़ सुबह की पव फटते ही जुट गई थी। दूर दूर से आने आने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिरों में लग गई थी। दोपहर हवन आहुति के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। सर्वमंगला मंदिर के अलावा भवानी मंदिर, डगनई देवी, माँ कोसगई देवी एवं पाली क्षेत्र के पहाड़ में स्थापित माँ महिषासुर मर्दिनी मंदिर तथा चेपारानी पहाड़ मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन आहुति के साथ कन्या भोजन कराया गया। दोपहर बाद इन मंदिरों में भी भंडारे के आयोजन किए गए। महिषासुर मर्दिनी मंदिर में देर शाम तक भक्तों की भीड़ जुटी रही। यहां जिले के अलावा अन्य जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। कुछ मंदिरों में देर शाम जवारा का विसर्जन भी गोधुलि बेला में भक्ति गीतों के साथ किया गया।

### कटघोरा विधायक ने की पूजा अर्चना

ग्राम पंचायत उतरदा के आश्रित ग्राम नवाडीह के समीप लीलागर नदी तट पर शक्ति खर्रा में मां शक्ति दाई के अष्टमी में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने पूजा अर्चना कर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि जो भी मन्नतें मांगते हैं मां शक्ति दाई उसकी हर मनोकामना पूरी करती है। इस अवसर पर मन्नू राठौर, महेश सिंह ने भी पूजा अर्चना की।



### माँ मड़वारानी मंदिर में अष्टमी हवन कार्यक्रम संपन्न

नवरात्रि पर्व के अष्टमी हवन पूजन माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर कलमी पेड़ मे संपन्न हुआ। जहाँ बैगा पुजारी के साथ साथ समिति के सदस्य एवं सेवकों ने भाग लेकर संपन्न आज भी बढी संख्या में दर्शनार्थियों ने माँ मड़वारानी के दरबार पहुँच कर मत्था टेका। वहीं नवरात्रि के अंतिम दिवस पर सैकड़ों मनोकामनाएं ज्योति कलश को हसदेव नदी झीका एवं सोन नदी कोरबा चांपा रोड नीचे मंदिर के सैकड़ों माता एवं बहनों के विसर्जन के लिए उतारा जाएगा।



### विकास नगर कुसमुंडा में चैत्र नवरात्र में विराजी मां दुर्गा, मेले का हुआ आयोजन



**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर में शारदीय नवरात्र की भांति चैत्र नवरात्र भी पूरे धूमधाम से मनाई जाती हैं। बीते लगभग एक दशक पूर्व से इस परंपरा की शुरुवात क्षेत्र के पार्षद अमरजीत सिंह के नेतृत्व में शुरू की गई। 9 दिन चलने वाले इस आयोजन में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रातः और संध्या आरती के साथ पूजा पाठ की जिम्मेदारी का निर्वहन भी प्रारंभ से ही कोरबा के प्रख्यात महराज पंडित भरत तिवारी द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में क्षेत्र के युवाओं द्वारा पूरी आस्था और निष्ठा के साथ संपूर्ण पूजा व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन समिति द्वारा किया गया है जिसमें बड़ों से लेकर छोटे बच्चों के झूले, खाने पीने की चटपटी चीजें,मनोरंजन के साधन और दुकानें भी सज चुकी हैं। एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन की ओर से एरिया सीनियर मैनेजर वीरेंद्र कुमार से रिबन काटकर मेले की शुरुवात की। वहीं तीसरे दिन कुसमुंडा एरिया के पूर्व जीएम संजय मिश्रा ने भी पंडाल पंहुच कर मां जगदम्बा की पूजा आरती की।इस अवसर पर पूजा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

## रामनवमी आज, शहर और ग्रामीण अंचलों में निकलेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी की गई है। गायत्री मंदिर सीएसईबी चौक से सीतामणी तक तथा महामृत्युंजय मंदिर समिति द्वारा भी भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।


**खास बात**

- चैत्र नवरात्र का होगा समापन

इसके अलावा पाली विकासखंड अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र में शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी की गई है। जलाराम मंदिर से शोभायात्रा दोपहर 2 बजे निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पाली शिवमंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। इसी तरह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम आवासीय परिसर के महामृत्युंजय मंदिर समिति द्वारा शाम 5 बजे से राम जन्मोत्सव के अवसर पर आवासीय परिसर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो आवासीय परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी। रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण के पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत हरदीबाजार में रामनवमी के पावन अवसर पर सर्व हिंदू समाज के द्वारा हरदीबाजार में भव्य शोभायात्रा निकाला जाना है जिसमें झांकी, रथ, दूरदूली बाजा, कटप्पा, बाहुबली हनुमान, कर्मा नृत्य दल, धुमाल, डीजे के साथ भव्य शंखनाथ के साथ पैदल, बाइक व कार आदि सभी शामिल रहेंगे। यह भव्य शोभायात्रा शाम 4 बजे से स्थान लीलागर नदी तट पर स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण हरदीबाजार से पूजा पाठ करके भव्य झांकी के साथ कॉलेज चौक से बस स्टैंड होते हुए बजरंग चौक संकट मोचन हनुमान मंदिर सराईसिंगार पहुंचेगी। यहां पर इस भव्य शोभायात्रा का समापन होगा। सर्व हिंदू समाज व हिंदू संगठन हरदीबाजार के द्वारा सभी राम भक्त व हनुमान भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

## कोरबा मार्केट



















## खबर संक्षेप



### हरदीबाजार में मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती

**हरदीबाजार।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल एवं पालीताना खार विधायक तुलेश्वर मरकाम कार्यक्रम मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान जन समूह को संबोधित करते हुए कटघोरा विधायक श्री पटेल कहा कि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है, इसलिए सभी से अपील किया कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण कराएं ताकि सभी देश के एक अच्छा नागरिक बन सके। इस दौरान संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बताया है कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कुर्बानी को हम कभी नहीं भूल सकते। बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री थे संविधान मे नारी सम्मान के लिए उन्होंने कानून बनाकर नारियों को उनके हक अधिकार दिलाए बाबा साहब के संविधान की बदौलत महिलाएं अच्छे शिक्षा ग्रहण कर देश के विकास में अपना आम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर सपून कुलदीप, सरपंच प्रतिनिधि युवराज सिंह कंवर, पाली जनपद सभापति मुकेश जायसवाल, शांतिलाल टंडन, रघुराज उईके, कुलदीप मरकाम, जय नारायण कर्ष, कुसुम देवी, ऊषा विश्वकर्म, लता कंवर, रामनारायण उईके, बसंत चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संविधान खतरे में, सिविल सोसायटी को आगे आना होगाः शाह

**कोरबा।** भाजपा की मोदी सरकार देश के मौजूदा संविधान को परिवर्तित कर तानाशाही शासन व्यवस्था लागू करना चाहती है। भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा। वर्तमान भाजपा की मोदी सरकार वास्तव में कार्पोरेट सरकार है जो कुछ चुनिन्दा उद्योगपतियों के हाथ की कठपुतली बन गई है। उक्त बातें प्रेस क्लब तिलक भवन कोरबा में पत्रकारवार्ता के दौरान छतीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के आर शाह ने कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार से सबसे बड़ा खतरा देश के आदिवासियों और उसके जल, जंगल, जमीन को है। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने वन भूमि अधिकार अधिनियम में संशोधन कर पांचवी व छठवी अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को बिना ग्राम सभा अनुमति के अधिग्रहित करने का कानून संसद में पास करा लिया है। मोदी सरकार पुनः सत्ता में आयेगी तो बस्तर और सरगुजा की जमीने उद्योगपतियों को दे दी जायेगी। देश तेजी से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है। स्वायत्त संस्थाओं पर शासन का पूर्णतया नियंत्रण है। देश में एक प्रकार से अघोषित आपातकाल की स्थिति है।लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने से रोका जा रहा है। सारा विपक्ष भयभीत है। मध्य भारत की इकलौती आदिवासी झारखण्डी सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर जेल में डाल रखा है। मामला राजस्व से संबंधित है लेकिन कार्यवाही ईडी कर रही है, इससे स्पष्ट पता चलता है कि केन्द्र सरकार अपने अधिकारों का दुरूपयोग कर राजनैतिक विद्वेष फैला रहा है।

### अत्यधिक जलने पर मरीजों को करना पड़ता है रिफर

# मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद भी अब तक नहीं मिला सर्व सुविधायुक्त बर्न वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग मुख्यालय में सर्व सुविधायुक्त बर्न वार्ड की कमी खल रही है। प्लास्टिक सर्जन व विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही सुविधाओं की कमी के कारण अस्पताल में मामूली जले हुए मरीजों का उपचार तो हो जा रहा है लेकिन अत्यधिक जले हुए मरीजों को रायपुर, बिलासपुर रिफर करना पड़ता है। ऐसे में जलने से गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवीन भवन में शिफ्ट होने पर सेटअप के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होने की बात कही जा रही है लेकिन फिलहाल इस सुविधा के लिए लोगों को लंबा इन्तजार करना पड़ेगा।

**खास बात**

- खलती है प्लास्टिक सर्जन की कमी, नया बर्न वार्ड अब तक नहीं हुआ हैंडओवर

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्तपाल की स्थापना हुए लम्बा समय बीत चुका है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद सरगुजा की स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही उपकरणों व अन्य संसाधनों में भी विगत पांच वर्षों में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बर्न वार्ड सुविधाओं से अछूता है।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड में कुछ परिवर्तन तो हुए और वार्ड को मरम्मत कर बेहतर बनाया गया लेकिन अभी भी अस्पताल के बर्न विभाग की स्थापना नहीं हो पाई है। सर्व सुविधा युक्त बर्न वार्ड नहीं होने के कारण ज्यादातर गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीजों को अस्पताल में आने पर सही ढंग से उपचार नहीं मिल पाता है और उन्हें मजबूरन रायपुर, बिलासपुर शिफ्ट करना पड़ता है ऐसे में जलने से गंभीर मरीज को खासी तकलीफों का सामना तो करना ही पड़ता है आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की जेब पर इसका असर पड़ता है।



मेडिकल कॉजेल अस्पताल का बर्न वार्ड।

**नया बर्न वार्ड अब तक नहीं हुआ चालू**

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में जो बर्न वार्ड था उसे कोरोना काल में ट्रू नॉट लैब के रूप में तब्दील कर दिया गया था और बर्न वार्ड को दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। कोरोना काल समाप्त होने के बाद एक बार फिर से बर्न वार्ड के निर्माण का कार्य चल रहा है। बर्न वार्ड का निर्माण सीजीएमएससी द्वारा किया जा रहा है लेकिन अब तक बर्न वार्ड बनकर तैयार नहीं हो पाया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बर्न वार्ड बनकर तैयार हो गया है और जल्द ही विभाग को हैंडओवर हो जाएगा।

**सर्जन के भरोसे व्यवस्था**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फिलहाल बर्न वार्ड की व्यवस्था सर्जन के भरोसे है। अस्पताल में वर्ष भर में 45 से 50 केस आते है। इनमें ऐसे मरीज कम ही होते है जिनके जलने का प्रतिशत अधिक होता है। ऐसे में इन मरीजों का उपचार सर्जन द्वारा ही किया जाता है। बर्न वार्ड के लिए सबसे जरूरी सुविधा आइसोलेशन के साथ ही एसी है। आइसोलेशन के लिए सभी मरीजों के बेड के बीच पार्टीशन होना चाहिए ताकि उन्हें संक्रमण के खतरे से बचाया जा सके। वर्तमान में अस्पताल में एसी व सेन्ट्रल ऑक्सीजन की व्यवस्था तो है लेकिन मरीज के लिए अलग से चेंबर वाला बेड मौजूद नहीं है। वहीं अस्पताल में प्लास्टिक सर्जन की पोस्टिंग अब तक नहीं हो पाई है।

**जरूरी सुविधाएं उपलब्ध**

बर्न वार्ड में एसी, आइसोलेशन, सेन्ट्रल ऑक्सीजन जरूरी है और ये सभी सुविधाएं उपलब्ध है। नया बर्न वार्ड भी बनकर तैयार है और जल्द ही सीजीएमएससी द्वारा वार्ड को अस्पताल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया जाएगा। प्लास्टिक सर्जन की व्यवस्था नहीं हो पाई है लेकिन अस्पताल के सर्जन मरीजों का उपचार करते है और हमारे यहां ज्यादातर कम जले हुए मरीज ही आते है। मेडिकल कॉलेज का अस्पताल बनने के बाद सेटअप के अनुरूप सभी सुविधाएं मरीजों को मिलेगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक

# आधीरात को कलेक्टर-एसपी ने किया चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण



चेक पाइंट की जानकारी लेते कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी सोमवार की रात लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों द्वारा जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर की जा रही जांच व कार्यवाही की टोह ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्चभट्ठी, उमरेली और लबेद (तुमान) में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जाँच पॉइंट पर की जा रही जांच को न सिर्फ देखा, बल्कि जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने और बरती जाने वाली सतर्कता और सावधानियों को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए हैं। लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों के प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट सहित सहायक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस कर्मी चेक पोस्ट पर कार्यरत हैं। यह दल प्रमुख मुख्य मार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर जांच अभियान में जुटा है और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रख रहा है। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है तथा निर्धारित फार्मेट में दैनिक कार्यकलाप की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हो रही इस जांच में सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश है।

**14 चेकपोस्टों में 12 उड़नदस्ता सक्रिय**

जिले के लोकसभा क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा जांच के लिए कुल 14 चेकपोस्ट बनाएं गए हैं, जहां स्थैतिक निगरानी दल कार्यरत है। यहां तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाते हुए तीन पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दो बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे का शिप्ट निधारित किया गया है। विधानसभा रामपुर अंतर्गत कुदमुरा, ठेंगरीमार, रामपुर, उमरेली, लबेद, उच्चभट्ठी, कनकी में, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत सरईसिंगार, कसियाडीह बेरियर, पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत लाफा बेरियर, बगदेवा, अमझर, कोरबी बेरियर, मोरगा बेरियर में टीम तैनात है। इसी तरह जिले में उड़नदस्तों द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है। एक-एक विधानसभा क्षेत्रों में 3 दल गठित किए गए हैं। यहां भी तीन पालियों में 24 घंटे टीम तैनात है।

# तेज रफ्तार बस टकराई ट्रेलर से, बस चालक की मौत, एक दर्जन यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को डॉल्फिन बस सर्विस की एक बस कोरबा से यात्री लेकर पुरी (उड़ीसा) के लिए रवाना हुई थी मंगलवार की तड़के लगभग 3:30 बजे तेज रफ्तार बस एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस के चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि बस में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए हैं।

**खास बात**

- कोरबा से पुरी चलती है डाल्फिन बस, मंगलवार की सुबह 3 .30 बजे अंगुल में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार डॉल्फिन बस पुरी से कोरबा के बीच संचालित होती है। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम लगभग 25 यात्रियों को लेकर बस पुरी के लिए रवाना हुई थी। उक्त बस मंगलवार की अलसुबह लगभग 3:30 बजे अंगुल से 20 किलोमीटर आगे पहुंची थी कि रेत से भारी ट्रेलर से बस की भिड़ंत हो गई। टक्कर के होते ही बस के सामने के परखच्चे उड़ गए और बस चालक उड़ीसा निवासी तारा प्रसाद 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्रियों को चोट आई। हादसे के होते ही बस में सवार लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया जाता है कि जिन लोगों को चोट आई है उन सभी को मामूली चौट आयी है जबकि सामने में सवार चालक तारा प्रसाद को ही सबसे गंभीर चोट आई थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना की कोरबा पुलिस को उड़ीसा पुलिस ने कोई सूचना नहीं दी है।




दुर्घटनाग्रस्त डॉल्फिन बस।

# एक दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक सत्संग प्रवचन का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सेलिब्रेशन भवन कालेज चौक हरदी बाजार में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय दिव्य आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का हुआ आयोजन। यह आध्यात्मिक सत्संग धर्मग्रंथ में छिपे गुण रहस्यो के आधार प्रमाणित करके दिखाया गया कि गीता अध्याय नं 15 श्लोक 4 में गीता ज्ञान दाता ने कहा है कि जब तत्वदर्शी संत से तत्वज्ञान प्राप्त हो जाए, उसके द्वारा बताए अनुसार साधना करके उसके पश्चात परमेश्वर के उस परम पद की खोज करनी चाहिए, जहां जाने के पश्चात साधक फिर लौटकर संसार में कभी नहीं आते। केवल उस परमेश्वर की पूजा करो। गीता अध्याय नं 16 श्लोक 23-24 में कहा है कि जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करते हैं अर्थात जो नाम जाप शास्त्रों में नहीं है उनका जाप करते हैं उनको ना सुख प्राप्त होता है, ना सिद्धि प्राप्त होती है ना उनकी गति होती है अर्थात व्यर्थ जाप साधना है। संत रामपाल महाराज के इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में जिला कोआर्डिनेटर धरमदास, अजय कुमार कुर्रे, सुमरन सिंह कंवर ब्लाक कोआर्डिनेटर, संतोषदास महंत, रघुवीर, चिमन दास, शिव पटेल, लव, कुश यादव, मिलेनियम, मृतुन्जय, जन्मेजय, शुरेश चंद्रा, बनमाली साहू, राकेश दास, विनोद, हरदीबाजार एवं कोरबा जिला से बड़ी संख्या में अनुयाई शामिल हुए।

# भलपहरी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम भलपहरी में गोकुल प्रसाद राठौर एवं श्रीमती मंजू लता राठौर के निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण कथा श्रवण करने आज सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे विशेष रूप से उपस्थित हुए। वे आयोजित कथा में पहूंच कर व्यासपीठ से कथा वाचक आचार्य पंडित दयानन्द कृष्ण महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अंचल के लोगों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिकों से सनातन धर्म एवं संस्कृति के विषय पर चर्चा की। उनके साथ ग्राम नेवसा के उपसरपंच शिवलाल यादव भी उपस्थित थे।

# अब तक जिले के जंगल में 259 स्थानों में उठ चुकी हैं लपटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का तापमान 40 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में जंगलों में भी आग लगने का सिलसिला बदस्तूर जारी हो चुका है। जंगल में आग लगने की वजह से वन्य प्राणियों की जान लगातार सांसत में नजर आ रही है तो वहीं दूसरी ओर बेशकीमती बहुमूल्य वन औषधि भी जलकर खाक हो रहे हैं। इस वर्ष कोरबा वनमंडल में अब तक आग लगने की घटना में लगातार इजाफा हुआ है जिससे वन अमला परेशान है।

**खास बात**

- कोरबा के 144 तो कटघोरा के 115 स्थानों में आगजनी की घटना आ चुकी है सामने

उल्लेखनीय है कि फरवरी के महीने से अग्नि सीजन शुरू हो जाता है। जंगल को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा हर वर्ष लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं और इसके लिए आगजनी की घटना को रोकने के लिए तैयारी भी की जाती है लेकिन जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जाती है जंगल में आग लगने की घटना का सिलसिला शुरू हो जाता है। अप्रैल के इस महीने में आगजनी की घटना लगातार वनांचल क्षेत्र में सामने आ रही है। कटघोरा वनमंडल में अब तक 115 स्थानों में तो कोरबा वनमंडल में 144 स्थानों में आगजनी की घटना सामने आयी है। कुल 259 स्थानों में आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी है। कोरबा वनमंडल में सबसे अधिक घटनाएं सामने आई हैं। जब इसी तरह कटघोरा वनमंडल का भी इलाका आगजनी से अछूता नहीं है। लगातार दोनों वनमंडल में आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं और जंगल धूं धूं कर जल रहा है। जिससे जंगल में बसने वाले वन प्राणियों की जान हमेशा खतरे पर बनी हुई है तो वहीं दूसरी ओर जंगल जलने की वजह से बेशकीमती बहुमूल्य वन औषधि भी जलकर खाक हो रहे हैं। हालांकि वन अमले की टीम लगातारजंगल में डेरा डाली हुई है और आगजनी की घटना सामने आने पर उसे कंट्रोल भी कर रही है लेकिन जिस तरह से विभाग द्वारा आगजनी की घटना को रोकने के लिए प्रयास किया जाता है उस हिसाब से जंगल में सफलता नहीं मिल पा रही है और प्रतिदिन किसी न किसी इलाके में आगजनी की घटना सामने आ रही है इससे वन विभाग की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है।



जंगल में लगी आग को ब्लोवर से बुझाता कर्मी

**प्रदेश में 9978 स्थानों में अब तक लग चुकी है आग**

गर्मी के दिनों में जंगल में आग लगना स्वाभाविक घटना है, लेकिन 15 अप्रेल की स्थिति में प्रदेश के विभिन्न वनमंडलों में 9978 स्थानों में आगजनी की घटना सामने आ चुकी है जो चिंता का विषय है। वन अमले के पास आग से निपटने फायर ब्लोवर के साथ फायर वाचर तैनात किए गए हैं लेकिन इसके बाद भी जंगल तेजी से धधक रहे हैं। जंगल में लगी आग को कंट्रोल करने वन अफसरों के अलावा निचले स्तर के वनकर्मी अलर्ट मोड पर हैं। सेटेलाइट से जंगल में कहीं भी आग लगने की जानकारी मिलती है, वन अफसरों के अलावा वनकर्मी फायर वाचर की मदद से आग पर काबू पाने तत्काल मौके पर रवाना किए जाते हैं।

**महुआ संग्रहण के दौरान सबसे ज्यादा होती है आगजनी**

जंगल में आगजनी की बड़ी वजह महुआ और तेंदूपता हैं। वनक्षेत्र से सटे ग्रामीण जंगल में महुआ बीनने जाते हैं, पेड़ से गिरे महुआ फूल के पत्तों से ढके होने की वजह से ग्रामीण सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं। इसी तरह से तेंदूपत्ता बीनने वाले लोग जंगल में जलती बीड़ी फेंक देते हैं, जिसके चलते सूखे पत्ते तेजी से जलते हुए जंगल में फैल जाते हैं। वन अफसरों को आशंका है कि जंगल में वन्यजीवों के शिकार करने वाले लोग भी जंगल में आग लगाने का काम करते हैं। जिस क्षेत्र में बहुतायत में वन्यजीवों के होने की जानकारी मिलती है, उस क्षेत्र में शिकारी आग लगा देते हैं। आग लगने की वजह से वन्यजीव सुरक्षित जगह की तलाश में जंगल से भागते हैं, इसका फायदा उठाकर शिकारी वन्यजीवों का शिकार करते हैं।

# गायत्री मंदिर रजगामार में पूर्णाहुति आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

गायत्री प्रज्ञा पीठ रजगामार के द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्र का पर्व मनाया जाता है। जिसके तहत 9 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया। प्रतिदिन मंदिर में सुबह 7 बजे आरती एवं शाम 5 बजे संध्या आरती एवं चालीसा होती है। नवरात्रि के प्रत्येक दिन मंदिर में दैनिक हवन किया जाता है। जिसमें ग्रामवासी शामिल होकर विभिन्न संस्कार कराए जा रहे हैं। 17 अप्रैल को पूर्णाहुति कार्यक्रम सुबह 10 बजे किया जाएगा। आयोजन समिति समस्त गायत्री परिवार रजगामार ने सभी श्रद्धालुओं से हवन अनुष्ठान में शामिल होने अपील की है।



हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

